"देश से अज्ञानता और अशिक्षा का अंधकार मिटाने में हम सब अपना योगदान देंगे और भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे." यह प्रतिज्ञा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मुख्य अतिथि श्री आनंद मोहन शरण (आई.ए.एस; रेजीडेंट कमिशनर, हरियाणा भवन, नई दिल्ली) ने स्वतंत्रता दिवस की बेला पर समस्त उपस्थित जनों को लेने को कहा.

दिनाँक 15 अगस्त, 2015 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 69वें "स्वाधीनता दिवस समारोह" अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, बल्लबगढ़ द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं की प्रबन्ध समिति, प्राचार्य, प्राध्यापकगण और विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया.

इस सुअवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय आनंद मोहन शरण (आई.ए.एस.) और विशिष्ठ अतिथि पं० मूलचन्द शर्मा विधायक, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के पूर्व प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता तथा वर्तमान प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता एवं प्रबन्ध समिति के माननीय पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित थे. साथ ही अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के भूतपूर्व प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता जी की धर्मपत्नी श्रीमती शीला देवी और उनकी पुत्र वधु श्रीमती कुसुम गुप्ता भी उपस्थित थी. अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने समस्त आगन्तुक अतिथियों का औपचारिक परिचय देते हुए महाविद्यालय प्रांगण में उनका स्वागत किया एवं उपस्थित जन समूह को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों तथा अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अनवरत सहयोग का जिक्र किया. साथ ही महाविद्यालय में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त (एल.सी.डी; स्मार्ट बोर्ड) क्लास रूमस के बारे में बताया तथा नैक कमेटी द्वारा महाविद्यालय को प्रदत्त "ए" ग्रेड (3.40 सी.जी.पी.ए.) की भी जानकारी दी.

मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया. तत्पश्चात अग्रवाल महाविद्यालय एवं अग्रवाल गर्ल्स सी.सै. स्कूल, अग्रवाल पब्लिक स्कूल एवं अग्रवाल पब्लिक स्कूल सेक्टर ३ के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक देशभक्ति से ओत–प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये मेरा देश रंगीला.............. नृत्य ने सबका मनमोह लिया. और "शहीदों को नमन" कविता द्वारा प्रियंका कौशिक ने सभी को रोमांचित कर दिया.

मुख्य अतिथि महोदय श्री आनंद मोहन शरण ने अपने उद्बोधन में कहा कि "देश को आजाद

करवाने में हजारों–लाखों देशभक्तों ने अपने– अपने ढंग से बलिदान किया. हमारा सभी देशवासियों का कर्त्तव्य है कि हम उन बलिदानियों की कुर्बानी कभी न भूलें और स्वाधीनता की कीमत पहचानते हुए उसकी रक्षा का प्रयास करें तथा स्वाधीनता के इतने दशकों बाद भी भारत के सामने गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई, आंतकवाद, भष्ट्राचार, प्रदूषण तथा अनेक समाजिक समस्याएँ ज्यों की त्यों है. आज के दिन हम सबकों प्रण लेना चाहिए कि हम अपने देश को सभी प्रकार की धार्मिक, राजनीतिक और समाजिक बुराइयों से मुक्त करने का प्राणपण से प्रयास करेंगे".

मुख्य अतिथि महोदय ने शैक्षणिक स्तर पर एच.आर.डी. मिनिस्टर स्मृति ईरानी द्वारा पुरुस्कृत अग्रवाल पब्लिक स्कूल के 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा प्रदत्त मेडल से सम्मानित किया.
"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" विषय पर पेन्टिग प्रतियोगिता में श्रीमती मेनका गाँधी द्वारा पुरुस्कृत अग्रवाल पब्लिक स्कूल की कक्षा 5वीं की छात्रा को भी सम्मानित किया गया

अग्रवाल महाविद्यालय के एन.सी.सी; एन.एस.एस; वाई.आर.सी.सी. के एवं अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा से संबंधित समस्त स्कूलों के विद्यार्थियों के सहयोग से यह कार्यक्रम संम्पन्न हुआ.

आज प्रातः ही दशहरा ग्राउड बल्लबगढ़ में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल महाविद्यलय के एन.सी.सी. के क्रेडिट्स को उपमंडल स्तर पर मार्च पास्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ. यह उपलब्धि एन.सी.सी. अधिकारी डॉ० योगेश गोयल के संरक्षण में प्राप्त हुई. एन.एस.एस. अधिकारी (श्री रविन्द्र जैन, श्रीमती रितु, डॉ० रेखा सैन), वाई.आर.सी.सी. के अधिकारी (डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० उषा चौधरी, डॉ० विनोद राठी) एवं अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा से संबंधित समस्त स्कूलों के अधिकारियों के संरक्षण में कार्यक्रम हुआ.

इस सुअवसर पर श्रीमती शोभा विजय (प्राचार्या, अग्रवाल गर्ल्स सी.सै. स्कूल), श्रीमती प्रवीण कपूर (प्राचार्या, अग्रवाल पबलिक स्कूल), श्रीमती भारती मेहत्ता (प्राचार्या, अग्रवाल पब्लिक स्कूल सैक्टर–3), डॉ० सुधेश पांडेय (प्राचार्य, अग्रवाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय), अग्रवाल महाविद्यालय का सभी शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक स्टॉफ एवं अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा से

संबंधित समस्त विद्यालयों का स्टाफ उपस्थित था. कार्यक्रम के अन्त में अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने अपने अभिभाषण में कहा कि आज समाज में भष्ट्राचार, दहेज प्रथा, माता पिता को वृद्धा आश्रम भेज देना आदि कुरुतियाँ फैली हुई है इन सभी को समाप्त किये बिना हम आजाद नही होगें और इस सब का कारण है अशिक्षा. हम सब प्रतिज्ञा करें कि हम भ्रष्टाचार में सम्मिलित नही होंगे रिश्वत नही लेंगे, गलत काम नहीं करेगे, अपने माता–पिता का सम्मान करेंगे और साक्षरता का प्रचार प्रसार करेगे तो व्यवस्था खुद–ब–खुद बदल जाएगी. इसके साथ ही अध्यक्ष महोदय ने आगंन्तुक अतिथिगण का एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया. इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में सफलता पूर्वक मंच संचालन श्रीमती किरण आनंद ने किया.